गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद

पत्रांक : 814 / EE-6 /2018–19 दिनांक 06·11·19

एकल निविदा आमंत्रण सूचना

उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से सपठित उल्लेखित नियम व शर्तो के अन्तर्गत निम्न कार्यो की मुहरबन्द निविदाएं कार्य के सम्मुख अंकित दिनांक को आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र प्राधिकरण मुख्यालय मे स्थित विजया बैंक जी0डी0ए0 परिसर, एवं प्राधिकरण वैबसाइट से पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्य के सम्मुख अंकित दिनांक तक कार्य दिवस में क्रय किये जा सकेंगे। निविदाएं प्राधिकरण कार्यालय मे रखे निविदा बाक्स में निम्नानुसार दिनांक को पूर्वान्ह 11:30 बजे तक डाली जा सकती है। प्राप्त सभी निविदाएं निर्धारित दिनांक को ही मध्यान्ह 12:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों/फर्मो के समक्ष (यदि उपस्थित हों) खोली जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	आरक्षित राशि (रू0 लाख में)	निविदा मूल्य (रू0 में)	धरोहर राशि (रू0 में)	कार्य की अवधि	जोन का नाम	निविदा विक्रय की अवधि	निविदा आमंत्रण दिनांक
1.	वैशाली योजना के सेक्टर–4 स्थित अलकनन्दा/मंदाकिनी टॉवर की रेट्रेफिटिंग का डिजाईन तैयार किये जाने का कार्य।	7.08	1534.00	14500/-	1 माह	06	08.11.2019 से 14.11.2019	15.11.2019
2.	इन्दिरापुरम योजना में शक्तिखण्ड–4 में एस0टी0पी0 को जाने वाली सडक से मानसरोवर बिल्डिंग तक क्षतिग्रस्त नाले का निर्माण कार्य। (भाग–1)	9.59	1534.00	20000/-	1 माह	06	08.11.2019 से 14.11.2019	15.11.2019
3.	इन्दिरापुरम योजना के शक्तिखण्ड–4 में सडक सं0–05 पर मानसरोवर बिल्डिंग के सामने तक क्षतिग्रस्त नाले का निर्माण कार्य। (भाग–2)	9.97	1534.00	20000/-	1 माह	06	08.11.2019 से 14.11.2019	15.11.2019
4.	इन्दिरापुरम योजना के ज्ञानखण्ड में स्थित जोनल कार्यालय एवं अभयखण्ड–3 स्थित सामुदायिक केन्द्र की मरम्मत का कार्य।	1.52	708.00	3000/-	1 माह	06	08.11.2019 से 14.11.2019	15.11.2019

नियम व शर्ते :–

1– निविदा प्रपत्र प्राधिकरण की वैबसाइट **www.gdaghaziabad.com** पर देखा/डाउनलोड किया जा सकता है। इस प्रकार डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र का उपयोग कर निविदा डालने पर निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ निविदा मूल्य का बैंक ड्राफ्ट/पे आर्डर (नॉन–रिफण्डेबल) जो कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पक्ष में गाजियाबाद स्थित बैंक शाखा में भुगतान योग्य हो तथा धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 संलग्न किया जाना अनिवार्य है। निविदा मूल्य का बैंक ड्राफ्ट/पे आर्डर तथा धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न न होने की स्थिति में निविदा अस्वीकार कर दी जायेगी।

2– निविदा विक्रय के अंतिम दिवस तथा निविदा आमंत्रण के दिनांक को अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस को विक्रय/खोली जायेगी।

3– डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र को स्पायरल बाउण्ड/हार्ड बाउण्ड करने के पश्चात् ही निविदा हेतु प्रयोग किया जायेगा।

4– वैबसाइट से डाउनलोड कर प्राप्त किये गये निविदा प्रपत्र और बैंक में बिक्री के लिए उपलब्ध निविदा प्रपत्र में यदि कोई भिन्नता हो, तो बैंक में उपलब्ध निविदा प्रपत्र ही मान्य होंगे।

5– निविदा स्वीकृति उपरान्त अनुबंध की औपचारिकतायें दस दिन के अन्दर पूर्ण करनी होगी।

6– धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 प्रस्तुत करने के उपरान्त ही बैंक के कैश काउण्टर/कार्यालय से निविदा निर्गत की जायेगी। एफ0डी0आर0 अधिशासी अभियन्ता, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पक्ष में बन्धक होगी।

7– क्रमांक–2, 3, 4 के निविदा कार्य हेतु निविदादाता को सिविल कार्य का किसी सरकारी अथवा अर्द्धसरकारी विभाग में समान प्रकृति का कार्य पूर्ण करने का एक कार्य का अनुभव होना चाहिए, अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न कर प्रेषित करना होगा।

8– अनुबन्ध के दौरान ठेकेदार के किसी श्रमिक की कोई दुर्घटना आदि हो जाती है तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। प्राधिकरण का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

9– ठेकेदार को अनुरक्षण प्रकृति के कार्यो हेतु श्रमिक उपस्थित पंजिका का प्रतिमाह रख–रखाव करना होगा।

10– लेबर एक्ट का पूर्ण रूप से पालन करना ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी।

11– ठेकेदार अपने श्रमिकों को पहचान पत्र देगा जो ठेकदार द्वारा सत्यापित होगा।

AK Chaudhary

अधिशासी अभियन्ता जोन–6

Scanned with CamScanner